# Newspaper Clips
## 1-3 October, 2016

## 3 October

Rashtriya Sahara ND 03.10.2016 P-9

### आईआईटी, एनआईटी छात्र लेंगे 'स्मार्ट इंडिया हैकाथन' में हिस्सा

■ नई दिल्ली।

**अगले साल जनवरी-फरवरी में 'स्मार्ट इंडिया हैकाथन' का आयोजन करने की योजना बना रहा है मानव संसाधन विकास मंत्रालय**

आईआईटी और एनआईटी एवं दूसरे प्रतिष्ठित संस्थानों के मेधावी छात्र विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के सामने आने वाली समस्याओं के विशिष्ट तकनीकी समाधान निकालने के लिए 36 घंटों की दिमागी कसरत वाली प्रतियोगिता 'हैकाथन' में हिस्सा लेंगे।

प्रकाश जावड़ेकर के नेतृत्व वाला केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय अगले साल जनवरी-फरवरी में 'स्मार्ट इंडिया हैकाथन' का आयोजन करने की योजना बना रहा है जिसमें दायरे में देश के सभी प्रौद्योगिकी संस्थानों के 30 लाख छात्र आएंगे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा, 'यह दुनिया का सबसे बड़े आयोजन होगा।' स्मार्ट इंडिया हैकाथन 36 घंटे तक बिना रुके चलने वाली डिजिटल प्रोग्रामिंग प्रतियोगिता है जिसमें छात्रों की टीमें सामने रखी गई किसी भी समस्या के अभिनव हल तलाशने के लिए एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करेंगी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'इस पहल का उद्देश्य प्रौद्योगिकी संस्थानों में पढ़ रहे युवा मस्तिष्कों की रचनात्मकता एवं तकनीकी विशेषज्ञता का लाभ उठाना है ताकि देश के सामने आने वाली कुछ जटिल समस्याओं के अभिनव एवं उन्हें खत्म करने वाले तकनीकी हल निकाले जा सके।' सूत्रों ने कहा कि हाल में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के उच्च शिक्षा सचिव वीएस ओबरॉय ने दूसरे मंत्रालयों के अपने समकक्षों को पत्र लिखकर उनसे करीब 30 ऐसी समस्याओं की पहचान करने के लिए कुछ अधिकारियों को काम पर लगाने को कहा है ताकि वे समस्याएं प्रतियोगियों के सामने रखी जा सकें। ■ भाषा

## Infosys Foundations signs MOU with IIT Kharagpur

http://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/Infosys-Foundations-signs-MOU-with-IIT-Kharagpur/articleshow/54641149.cms

KOLKATA: Infosys Foundation, the philanthropic arm of Infosys, has signed a MoU with IIT Kharagpur to fund socially relevant projects. Funding of travel (preferably for women) to 'Top International Conferences' is the foremost of the two projects, the second one being funding the much celebrated research about the antiquity of Indus Valley which is being carried out by IIT-Kgp in association with the Archaeological Survey of India.

The initiative has been jointly undertaken under the leadership of Sudha Murty, Chairperson, Infosys Foundation and Partha Pratim Chakrabarti, Director, IIT Kharagpur. Speaking of the importance of investing in education and arts, Sudha Murty said, "While advanced education helps us leap forward by developing innovative solutions, unearthing and studying ancient civilizations enables us to reflect on the culture of bygone societies. Infosys Foundation recognizes the importance of both Education and Culture, and is committed to supporting programs in both these areas. Through our partnership with IIT-Kharagpur, we aim to invest in facilitating collaborative learning for researchers as well as funding the study of ancient civilizations".

"Corporate houses have a long-standing relation with IIT Kharagpur in the domain of sponsored research and consultancy projects. The Institute receives more than Rs. 100 crores each year from various industrial houses for various kinds of industrially relevant research. With Government of India emphasizing on Corporate Social Responsibility fund allocation,IIT Kharagpur has taken focused initiative towards this goal" added Chakrabarti.

Murthy - the chairperson of the Infosys Foundation who holds a brilliant academic record herself has spontaneously proposed to provide funds in tune of Rs 20 lakh from her own resources to support women students for top international conferences. Murthy is one of the members of the Board of Governors at the Indian Institute of Technology- Kharagpur which is chaired by scientist Srikumar Banerjee of Bhaba Atomic Research Centre. Earlier in 2015, Murthy had donated to Presidency University Rs 5 crore from the foundation which is a non-profit making initiative of Infosys Ltd to set up the post of a chair professor in Economics.

"It will be a great initiative as the decision will inspire many more women research scholars and students to come up with some very innovative work, publish journals or papers and take part in more and more internationally acclaimed global conferences," said director of the institute, Partha Pratim Chakraborty.

"Knowledge-sharing through international conferences is crucial for world-class research. Such conferences have been beneficial to students in networking for their doctoral and post-doctoral programs and have increased collaboration with international academic institutes. IIT KGP has been encouraging students to participate in international conferences and grooming them for opportunities to learn and contribute about the latest research in their field of interest. Every year over 250 students participate in conferences and experience rewarding personal interactions. With support from Infosys Foundation, 8-10 meritorious girl students will be selected by a committee at IIT KGP to be sent to top conferences. These students will have Infosys Foundation mentioned during their trip and on their presentation" added S K Ray, Dean Postgraduate Studies Research.

There are around 300 top conferences where around 100 students, research scholars and teachers participate from IIT-Kgp. "Overall the institute every year set aside Rs 1 crore in enabling the research scholars to join the international conferences," said a source. Number of research scholars going for international conferences and national conferences are 100 each year.

Anindya Sarkar, Lead Investigator of the project 'Tracking the Antiquity and Climate during Bronze Age Harappan /Indus Valley Civilization (IVC) in India Using Isotope & Latest Chronological Techniques (CVO) said "the Infosys funding come at a right time when we just unearthed some old Indus valley settlements in India. We are seeking permission from Archaeological Survey of India for excavating a specific site and the grant will be used for studying cause of climate change using latest techniques of isotope and faunal analysis"

## 2 October

Hindustan Times ND 02.10.2016 P-1

# IITs set to become more Hindi medium-friendly

Neelam Pandey
neelam.pandey@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** If all goes well, students from Hindi-medium schools who gain admission to the Indian Institutes of Technology (IITs) will no longer face the language barrier in class.

IIT authorities are setting up a support system to ensure that study material — otherwise taught in English — is put across in a way that students from Hindi-medium schools can understand. The institutes are using their Hindi cells, which handle administrative work such as translating texts and organising seminars, to assist them.

As the Joint Entrance Examination is conducted in both Hindi and English, many students from Hindi-medium schools manage to enter IITs across the country. It is after classes begin that things get tough — they fail to understand the study material and lectures, which are predominantly made in English. CONT'D ON PG 10

## IITs on Hindi medium

Sources said many IITs, including the ones in Delhi and Roorkee, have witnessed a large number of such students failing or performing poorly due to this issue.

Incidentally, the IIT council – the highest decision-making body of the prestigious institutes – had commissioned a study in August to assess the performance of Hindi students who appeared for the JEE.

Admitting that students from a Hindi background have trouble understanding subjects taught in English, IIT-Delhi director V Ramgopal Rao said: "If they don't grasp the basic concept, they face difficulties in exams. Hence, we have formed a support system, through which staffers of our Hindi cells explain the subject to them. We have launched it for first-year students."

IIT-Roorkee, for its part, is holding extra classes where professors fluent in both the languages explain scientific concepts to such students in chaste Hindi. "This will help clear their doubts, ensuring that they don't lag behind," said Pradipta Banerji, director of IIT-Roorkee.

Sources said language was a major reason why many such students fail to achieve the required cut-off marks for getting promoted to the second year. A large number is also expelled from the premier institutes due to their inability to grasp the concepts taught in class.

An analysis of JEE results also showed that students who took the examinations in English performed much better than their Hindi-medium counterparts. For instance, while the success percentage of English-medium students who appeared for the Advanced exam in 2016 was 24%, only 15% who picked the Hindi option made it through.

**1October**

Nai Duniya ND 01.10.2016 P-07

# वेबपोर्टल पर मिलेगी प्राइमरी से पीजी की एजुकेशन

**ग्वालियर (मप्र)। ब्यूरो**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) ने यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) को निर्देश दिए हैं कि प्राइमरी से पोस्ट ग्रेजुएशन तक की शिक्षा एक ही प्लेटफॉर्म के जरिए उपलब्ध कराने की योजना तैयार करें।

**13** लाख से अधिक निःशुल्क पाठ्य सामग्री

इसके लिए आईआईटी खड़गपुर की मदद से यूजीसी नेशनल डिजीटल लाइब्रेरी (एनडीएल) वेबपोर्टल पर काम शुरू कर चुका है। यूजीसी ने संबद्ध यूनिवर्सिटीज को पत्र जारी कर कहा है कि वेबपोर्टल पर ज्यादा से ज्यादा स्टूडेंट्स और टीचर्स का रजिस्ट्रेशन कराएं। पोर्टल शुरू होने से स्टूडेंट्स कोचिंग के बदले घर पर ही क्वालिटी स्टडी कर पाएंगे। इसके अलावा भी कई तरह के फायदे होंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए www. ndl.iitkgp.ac.in पर लॉगऑन कर सकते हैं।

## सैकड़ों प्रकाशकों के कंटेंट करोड़ों स्टूडेंट को फायदा

यूजीसी ने आईआईटी खड़गपुर को वेबपोर्टल होस्ट, को-आर्डिनेशन और सेटअप की जिम्मेदारी सौंपी है। इनमें पोर्टल के जरिए प्राप्त हर प्रकार की क्वैरी का निदान, स्टूडेंट-ऑथर इंटरेक्शन, एनडीएल के उपयोग के दौरान आने वाली सॉफ्टवेयर संबंधी समस्याओं का हल सुनिश्चित करना शामिल है। इसका फायदा देश के करोड़ों स्टूडेंट को मिलेगा। वेबपोर्टल 70 से अधिक भाषाओं में बनाया जा रहा है ताकि देशभर के स्टूडेंट्स और टीचर्स सरलता से जुड़ सकें। पोर्टल पर 40 से ज्यादा लर्निंग रिसोर्सेस उपलब्ध होंगे। एनडीएल में सैकड़ों लेखकों और प्रकाशकों के 13 लाख से ज्यादा पाठ्यसामग्री भी उपलब्ध होगी।

### स्टूडेंट्स का सीधा संपर्क

नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी में प्राइमरी से पीजी तक की डिजिटल किताबें निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। इन्हें कोई भी स्टूडेंट आसानी से डाउनलोड कर सकेगा। किसी भी तरह की शंका या समस्या होने पर बुक के लेखक या प्रकाशक से मार्गदर्शन लेने की सुविधा भी होगी। उनका कॉन्टैक्ट नंबर एनडीएल में उपलब्ध होगा। इससे आर्थिक रूप से कमजोर स्टूडेंट्स को महंगी किताबें खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### सबकुछ एक प्लेटफॉर्म पर

इस प्रोजेक्ट के पीछे मानव संसाधन मंत्रालय का मकसद देश के सभी शैक्षणिक संस्थानों के पास उपलब्ध डिजिटल जानकारियों को एक प्लेटफॉर्म पर लाना है। इसके लिए ही एनडीएल तैयार की गई है। आईआईटी खड़गपुर की टीम इंस्टीट्यूशनल डिजिटल रिपोजिटरी व अन्य डिजिटल लाइब्रेरी को एनडीएल से जोड़ने का काम कर रही है। इसमें प्राइमरी से लेकर पीजी तक की शिक्षा को ई-लर्निंग से जोड़ा जाएगा।

### मिलेगा यह फायदा

- 2 लाख से अधिक ऑडियो बुक्स
- 500,000 से अधिक ग्लोबल क्लासिकल बुक्स
- रविंद्रनाथ टैगोर का पूरा साहित्य डिजिटल फॉर्म में मिलेगा।
- 38000 थीसिस और सिनोप्सिस रिपोर्ट देश के विभिन्न विवि से मिलेगी।

Amar Ujala ND 01.10.2016 P-08

# आईआईटी की इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ने मान बढ़ाया

**कानपुर (ब्यूरो)।** इंग्लैंड के प्रकाशक क्वाक क्यूअर्ली सायमंड्स (क्यूएस) की अंतरराष्ट्रीय सब्जेक्ट रैंकिंग में आईआईटी कानपुर का प्रदर्शन अच्छा है। यहां की इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई को दुनिया के टॉप-57वें सब्जेक्ट की श्रेणी में रखा गया है। बोर्ड ऑफ गवर्नर (बीओजी) ने इसे उपलब्धि बताई है।

बीओजी की मीटिंग में शुक्रवार को आईआईटी की अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में सुधार पर चर्चा की गई। चेयरमैन डॉ. एससी भार्गव और निदेशक प्रो. इंद्रनील मन्ना की मौजूदगी में कहा गया कि 2015 के मुकाबले (271) वर्ष 2016 की रैंक (302) 31 पायदान नीचे गई है। इस व्यवस्था में सुधार की जरूरत है।

इसके लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 'विश्वजीत' प्रोजेक्ट लांच किया है।

Navbharat Times ND 01.10.2016 P-05

# IIT स्टूडेंट्स फ्रेंच लैब्स में करेंगे रिसर्च

**■ प्रस, नई दिल्ली :** पीएचडी फेलोशिप प्रोग्राम के लिए आईआईटी दिल्ली और मल्टिनैशनल इलेक्ट्रॉनिक्स ग्रुप थेल्स ने एमओयू साइन किया है।

इस एग्रीमेंट की बदौलत इंडिया के स्टूडेंट्स की पहुंच फ्रांस की बड़ी लैब्स तक होगी और इंडस्ट्रियल रिसर्च को इससे बूम मिलेगा। आईआईटी दिल्ली-सीएनआरएस पीएचडी फेलोशिप इस प्रोग्राम का नाम है। इस प्रोग्राम के तहत थेल्स और आईआईटी दिल्ली इंडस्ट्रीज से जुड़े अकैडमिक्स में बेहतर काम कर सकेगा। आईआईटी के एक अधिकारी के मुताबिक, यह फेलोशिप इसलिए इतनी खास है, क्योंकि स्टूडेंट्स भारत और फ्रांस की बड़ी लैब्स में काम कर सकेंगे।

Virat Vaibhav ND 01.10.2016 P-08

## अपराह्न में संस्थान का 16वां दीक्षांत समारोह आयोजित

# आईआईटी रुड़की के दीक्षांत समारोह में 2305 बच्चों को दी गईं डिग्रियां

एजेंसी ■ रुड़की

रूड़की आईआईटी के दीक्षांत भवन में शुक्रवार की अपराह्न में संस्थान का 16वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कुल 2305 छात्रों को डिग्रियां दी गई। इनमें 1091 छात्रों को बैचलर डिग्री, 922 छात्रों को मास्टर्स डिग्री और 292 छात्रों को डाक्टरेट डिग्री प्रदान की गई।

## अवॉर्ड

*समारोह में 1091 छात्रों को बैचलर डिग्री, 922 छात्रों को मास्टर्स डिग्री और 292 छात्रों को डाक्टरेट डिग्री प्रदान की गई। जबकि खोसला नेशनल अवॉर्ड आईआईटी दिल्ली के प्रो रंजन के मालिक को दिया गया।*

इस वार्षिक दीक्षांत समारोह के दौरान खोसला नेशनल अवॉर्ड ( एक लाख 25 हजार रुपए) आईआईटी दिल्ली के प्रो रंजन के मालिक को दिया गया। ए.एस. आर्या आईआईटी आर डिजास्टर प्रोवेशन अवॉर्ड (एक लाख रुपए) आईआईटी गुवाहाटी के डॉ. सजल कांति देव को तथा वीएनएमएम अवॉर्ड (एक लाख रुपए) एनआईटी के डा. शिरीष हरि को और गोपाल रंजन टैक्नोलाजी अवार्ड (एक लाख रुपए) एआइएम आइएल के निदेशक डा. वीएम शर्मा को प्रदान किया गया। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता आइआइटी रूड़की अभिशासक परिषद के अध्यक्ष प्रो अशोक मिश्र ने की जबकि संस्थान के निदेशक प्रदीप्ता बनर्जी ने संस्थान की रिर्पोट प्रस्तुत की। दीक्षांत समारोह अपराह्न 2.30 बजे से शुरू हुआ, जो शाम 5.30 बजे तक चलता रहा। मुख्य अतिथि मुकेश अंबानी को समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रो. अशोक मिश्र द्वारा डाक्टर आफ फिलोस्पी की उपाधि से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि मुकेश अंबानी ने अपने मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए आइआइटी रिलांयस कंपनी की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारियां दी। डिग्री प्राप्त छात्र-छात्राओं से देश के विकास में सहयोग करने की अपील की।

Rashtriya Sahara ND 01.10.2016 P-11


# विश्व स्तर पर भागीदारी करें छात्र : मुकेश अंबानी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

रुड़की।

आईआईटी के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि जाने माने उद्योगपति मुकेश अंबानी ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए सिर्फ भारत तक सीमित रहने की आवश्यकता नहीं है अपितु बड़े लक्ष्य निर्धारित कर विश्व स्तर पर भागीदारी निभाने की जरूरत है। इसके लिए उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच विकसित करने की सलाह दी। अंबानी ने छात्रों को फिजिकल, डिजिटल एवं बायो टेक्निकल प्रौद्योगिकी क्षेत्र सहित पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बदले समय के साथ प्रौद्योगिकी में बदलाव लाने के लिए शोध पर भी फोकस करना जरूरी है।

अंबानी ने कहा कि साइंस, इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी को उद्यमिता से भी समन्वय बनाने की आवश्यकता आ गई है, क्योंकि सुपर इंटेलीजेंसी से ही हम वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपनी धाक बनाये रखने में कामयाब हो सकते हैं। छात्रों से उन्होंने प्रधानमंत्री के क्लीन इंडिया, मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया के विजन को पूरा करने में भागीदार बनने की अपील की। चुनौतियों को उन्होंने अवसरो में बदलने का आह्वान करते हुए कहा कि आईआईटी रुड़की को उद्योगों से अपने संबंध बेहतर करने होंगे। अंबानी ने कहा कि ऊर्जा, जल एवं पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में भी काम करने के व्यापक अवसर हैं। हमें सतत विकास के लिए भी विकास का नया मॉडल अपनाने की जरूरत है। आज देश को इस बात की जरूरत है कि लोग अधिक से अधिक प्रोडक्टिव हों। मुकेश अंबानी ने अपने संबोधन की शुरूआत रिलायंस उद्योग के संस्थापक व अपने पिता धीरूभाई अंबानी का भावपूर्ण स्मरण करके की।




एक छात्र को पुरस्कृत करते मुकेश अंबानी।

## सतत विकास के लिए नया मॉडल अपनाने की जरूरत